पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल को विधान सभा में पारित धन्यवाद प्रस्ताव की प्रति प्रस्तुत की

लखनऊः 31 मई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में राज्य विधान सभा के अध्यक्ष श्री माता प्रसाद पाण्डेय ने मिलकर राज्यपाल के अभिभाषण पर विधान सभा में पारित धन्यवाद प्रस्ताव की प्रति भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर तथा राज्य विधान सभा के प्रमुख सचिव श्री प्रदीप दुबे भी उपस्थित थे।

ज्ञातव्य है कि राज्यपाल ने 29 जनवरी 2016 को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया था। 9 फरवरी, 2016 को राज्यपाल के अभिभाषण पर विधान सभा में चर्चा हुई तथा 16 फरवरी, 2016 को विधान सभा में धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।

उल्लेखनीय है कि विधान परिषद के सभापति श्री रमेश यादव ने 11 अप्रैल, 2016 को विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर पारित धन्यवाद प्रस्ताव की प्रति राज्यपाल को भेंट की थी।

अंजुम/ललित/राजभवन (197/32)